भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *1
उत्तर देने की तारीख 03.02.2025

आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय संस्कृति कोष के अंतर्गत परियोजनाएं

*1. **श्री जी. लक्ष्मीनारायण :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश राज्य की ऐसी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जिन्हें राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एनसीएफ) के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है तथा उन्हें किस वर्ष अनुमोदित किया गया है;
(ख) उक्त राज्य से एनसीएफ के अंतर्गत प्रत्येक अनुमोदित परियोजना के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त राज्य द्वारा एनसीएफ के अंतर्गत प्रस्तुत प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है; और
(घ) क्या सरकार की भविष्य में एनसीएफ के अंतर्गत आंध्र प्रदेश की और अधिक सांस्कृतिक परियोजनाओं को वित्तपोषित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय संस्कृति कोष के अंतर्गत परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 3 फरवरी, 2025 को श्री जी. लक्ष्मीनारायण द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *1 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): एनसीएफ को, देश भर से प्राप्त संस्कृति संबंधी विभिन्न परियोजना प्रस्तावों की जांच करने और दिशानिर्देशों के अनुसार उन्हें योग्यता के आधार पर अनुमोदित करने का अधिदेश है। विगत पांच वर्षों के दौरान एनसीएफ के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य से कोई भी परियोजना प्रस्ताव प्राप्त/अनुमोदित नहीं हुआ है।

*****